पंजाब के 26 वर्षीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ में लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की क्षमता दिखाई देती है। उन्हें इतनी जल्दी आगे बढ़ाया जाना अच्छी बात है

-जहीर खान

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, गुरनूर बराड़ को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **प्रसिद्ध कृष्णा**

प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने पहले ओवर में विकेट लिया। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने पहले ही ओवर में भारत को विकेट दिला दिया। उन्होंने श्रीलंकाई पारी के दूसरे ओवर की दूसरी बॉल पर लाहिरू उदारा को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया।

ऑफ स्टंप की ओर आती गेंद ने उछाल लिया। इस पर उदारा को शॉट खेलना पड़ा, लेकिन बॉल उनके बल्ले के बाहरी किनारे पर लगकर स्लिप पर गई।

तीसरे स्लिप में यशस्वी जायसवाल ने दाईं ओर फुल लेंथ डाइव लगाकर एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया।

क्या आप जानते हैं ?... मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है, जिन्होंने अपने करियर में 185 मैचों में 570 से अधिक गोल किए।

मथुरादास माथुर अवार्ड के लिए अशोक शर्मा, कुशाग्र ओझा व शिफान खान चुने गये

जयपुर, 24 अगस्त। 33वें मथुरादास माथुर अवार्ड के लिए वर्ष 2025-26 में सीनियर वर्ग में अशोक शर्मा, जूनियर वर्ग में कुशाग्र ओझा सब जुनियर वर्ग में शिफान खान सर्वश्रेष्ठ किकेटर चुने गये। पूर्व रणजी खिलाडी वेद आहुझा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने राजस्थान के खिलाडियों की वर्ष भर के प्रर्दशन के आधार पर सर्वसम्मत से चयन किया है। चयन समिति में अन्य सदस्य पूर्व कप्तान संजय व्यास, शरद जौशी, रोहित झालानी, गौरव शर्मा उपस्थित थे।

अवार्डस के तहत सीनियर वर्ग में 15000 (पन्द्रह हजार) तथा जुनियर व सब जुनियर वर्ग में कमश: रुपये 7500/- (साडे सात हजार रुपये नकद) व सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस, स्मृति चिन्ह, व सम्पूर्ण किट बैग प्रदान किये जाएगें। अवार्ड हर वर्ष की भांति 6 सितम्बर को होटल हिल्टन में हवा सडक, प्रात: 11:30 बजे स्व. मथुरा दास माथुर की जन्म तिथि पर दिये जायेंगें । राजस्थान के मानव सुथार को भारतीय टीम में टेस्ट प्रदार्पण करने पर विशेष रुप से सम्मानित किया जाएगा। रणजी ट्रॉफी 4 मैच, 3 पारी, 1 नॉट

अशोक शर्मा : जयपुर दाये हाथ तेज गेन्दबाज व बल्लेबाज

1. मुस्ताक अली: 10 मैच, 5 पारी, 01 नॉट आउट, 33 रन, गेंदबाजी: ओवर 37.11344-22

आउट, 05 रन, गेंदबाजी ओवर 104 19 416-14, इन्टरनेशनल टी20 2 मैच में एक विकेट। जूनियर कैटेगरी कुशाग्र ओझा भीलवाडा, बायें हाथ के बल्लेबाज व गेन्दबाज। 1- वीनू मंकड ट्रॉफी: बल्लेबाजी 6 मैच, 6 पारी, 0 नॉट आउट, 308 रन,

कुशाग्र ओझा 7 मैच, 7 पारी, 2 नॉट आउट, 49 रन, 24 उच्चतम, 9.8 औषत । गेंदबाजी : ओवर 59-1 395-13

115 उच्चतम, 51.33 औषत, 1 शतक, 2, अर्धशतक । गेंदबाजी ओवर 41.27 1223 2- कूच बिहार ट्रॉफी 7 मैच, 13 पारी, 2 नॉट आउट, 565 रन, 123 उच्चतम, औषत 51.4, 2 शतक, 4 अर्धशतक । इन्टरनेशनल अण्डर 19 एक टेस्ट मैच 111 व 24 रन 3 एकदिवसीय मैच 92, 38 व 03 रन।



सब जूनियर कैटेगरी -शिफान खान : जयपुर, दायें हाथ का बल्लेबाज । विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी 3 मैच, 5 पारी, 0 नॉट आउट, 241 रन, 100 रन उच्चतम, 48.2 औसत, 1 शतक, 1 अर्धशतक। वीनू मंकड ट्रॉफी बल्लेबाजी 6 मैच, 6 पारी, 0 नॉट आउट, 232 रन, 133 उच्चतम, 38.67 औषत, 1 शतक । कूच बिहार ट्रॉफी: बल्लेबाजी 2 मैच, 4 पारी, 0 नॉट आउट, 39 रन, 22 उच्चतम, 9.75 औसत ।

राजस्थान पोलो क्लब पर पोलो सीजन 1 सितम्बर से शुरू

जयपुर । राजस्थान पोलो क्लब के सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह के अनुसार राजस्थान पोलो क्लब पर पोलो सीजन 1 सितम्बर से शुरू होगा। राजस्थान पोलो क्लब पर होने वाले टूर्नामेंट इस प्रकार हैं। आरपीसी कप (04 गोल) 01 सितंबर-06 सितंबर 2026, आरपीसी कप (04 गोल) 07 सितंबर-13 सितंबर 2026, चिनकारा पोलो चैम्पियनशिप (61वीं घुड़सवार सेना) (06 गोल) 14 सितंबर-20 सितंबर 2026, सेना कमांडर कप (61वीं घुड़सवार सेना) (06 गोल) 21 सितंबर-27 सितंबर 2026, जयपुर जूनियर ओपन - अंडर 21 (आउट ऑफ हैट), 14 सितंबर-27 सितंबर 2026, भावनगर पोलो ट्रॉफी (08 गोल) स्टर्नहेगन द्वारा प्रायोजित, 28 सितंबर-04 अक्टूबर 2026, सवाई मान गार्ड कप (08 गोल), 05 अक्टूबर-11 अक्टूबर 2026, जेन अमर सिंह कानोता कप (06 गोल), होटल कैसल कानोता द्वारा प्रायोजित, 12 अक्टूबर-18 अक्टूबर 2026, बीएम बिरला कप (04 गोल) एनबीसी द्वारा प्रायोजित, 19 अक्टूबर-25 अक्टूबर 2026 एफएचटीआर प्रदर्शनी पोलो मैच, एफएचटीआर द्वारा प्रायोजित, 18 सितंबर 2026

अंडर 14 श्याम कप 2026



जयपुर । यति क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्रथम अंडर -14 श्याम कप में खेले गये मैच मे यति क्रिकेट एकेडमी और लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 245/7 40.0 ओवर मे रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी की ओर से प्रियंक जेफ ने 55 रन, प्रविन सैनी ने 38 रन और हनुमंत सिंह ने 49 रन बनाये। यति क्रिकेट एकेडमी और से गेंदबाजी करते हुए कविश अग्रवाल ने 28 रन देकर 2 विकेट, और कार्तिक शर्मा ने 46 रन देकर के 2 विकेट लिया। यति क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए 66/10 22.2 ओवर मे ऑल आउट हो गई। यति क्रिकेट एकेडमी कि ओर से यश वर्धन ने 14 रन, दक्ष जैन ने 13 रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी करते हुए प्रतिक सैनी ने 20 रन देकर के 2 विकेट, प्रिंस यादव ने 14 रन देकर के 2 विकेट और गर्वित कौशिक ने 6 रन देकर के 4 विकेट लिया। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 179 रन से विजेता हुई।

कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय पारी 503/9 पर घोषित

श्रीलंका 8/2; जुरेल का दूसरा टेस्ट शतक

नई दिल्ली । भारत ने कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को बैकफुट पर धकेल दिया है। टीम ने पहली पारी 503/9 रन के स्कोर पर घोषित की। उसके बाद दिन का खेल समाप्त होने से पहले 8 रन पर श्रीलंका के 2 विकेट भी गिरा दिए।

सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में भारत ने सोमवार को 300/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। पहले दिन नाबाद लौटे सारांश जैन 6 रन पर आउट हुए। जबकि, ध्रुव जुरेल ने शतक पूरा किया। वे 177 बॉल पर 115 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने दूसरा टेस्ट शतक लगाया । टी-ब्रेक से पहले ऋषभ पंत 63 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पहले दिन 3 रन पर चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए पंत ने दूसरे दिन वापसी करते हुए अर्धशतक लगाया, लेकिन लंच के बाद पहली ही गेंद पर आउट हो गए।

भारतीय टीम ने पहले सेशन में 119 रन जोड़े और एक विकेट गंवाया। डेब्यू कर रहे सारांश जैन 6 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। खराब रोशनी के कारण जल्दी

स्टंप्स कर दिया गया है। कामिल मिशारा 5 रन पर नाबाद लौटे। श्रीलंका ने लगातार दूसरे ओवर में विकेट गंवाया, जयसूर्या आउट

श्रीलंका ने एक और विकेट गंवा दिया। उसने लगातार दूसरे ओवर में विकेट गंवाया। मानव सुथार की बॉल को प्रभात जयसूर्या ने रोकने की कोशिश की।

गेंद पहले पैड से टकराई। जोरदार अपील के बाद अंपायर ने उन्हें आउट दिया। जयसूर्या ने रिव्यू लिया, लेकिन बॉल-ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप को सिर्फ छूती हुई दिखी। जयसूर्या को अंपायर्स कॉल पर आउट दिया गया।

भारत से पहले ढाका में ट्रेनिंग कर सकता है ब्राजील

नई दिल्ली । ब्राजील की फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश के ढाका में ट्रेनिंग कैंप लगाने पर विचार कर रही है।

ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 23 अगस्त को ढाका का दौरा किया। टीम ने नेशनल स्टेडियम, बसुंधरा किंग्स एरेना और कई होटलों का निरीक्षण किया।

बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष तबिथ अवल ने बताया कि ब्राजील के साथ ढाका में ट्रेनिंग करने और बांग्लादेश के खिलाफ फ्रेंडली खेलने समेत सभी विकल्पों पर बात हुई है। हालांकि, अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

ब्राजील 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टाउन्सविले और 29 सितंबर को ब्रिस्बेन में मुकाबला खेलेगा। इसके बाद टीम भारत आएगी।

अभय शर्मा, आराधय, मूसा खान के शतक व अथर्व सिंह, शिवम्, मानव, शिवांशु सुमित सावली व योजित के पांच विकेट

जयपुर 24 अगस्त , राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी के तीसरे दिन खेले गए लीग मैचों के परिणाम :- के एल सैनी स्टेडियम जयपुर - जोधपुर मैच (बारिश के कारण स्थगित) अभय शर्मा का लगातार दूसरा शतक , वंश शर्मा शतक से चुके जयपुर पारी 338 / 9 टीम के लिए अभय शर्मा 102 , वंश शर्मा 94 , शिफॉन खान 51 व यश शर्मा 48 रन

जोधपुर के गेंदबाज जगदीश चौधरी 60 / 4 व शोभाग्यसिंह भाटी 76 / 2 विकेट जोधपुर पारी 96 / 1 (बारिश के कारण खेल रोके जाने तक) सोनी ग्राउंड उदयपुर - धौलपुर मैच (धौलपुर 16 रन से जीती , डीएलएस मेथड से संशोधित टारगेट 33 ओवर में 75 रन)

उदयपुर पारी 119 आल आउ टीम के लिए सभ्य 31 व समर 23 रन धौलपुर के गेंदबाज अथर्व सिंह 19 / 5 व दिव्यांशु38 / 4 विकेट

धौलपुर पारी 90 / 5 (बारिश के कारण खेल रोके जाने तक)

टीम के लिए दर्शीलनाबाद 40 व आयुष 24 रन उदयपुर के गेंदबाज गर्वित15 / 2 विकेट लक्ष्य ग्राउंड - सवाई माधोपुर - सीकर मैच (बारिश के कारण खेल स्थगित) सवाई माधोपुर पारी 233 / 9 टीम के लिए आज़ाद सिंह 71 , अयनखान 61 व अनुज 25 रन सीकर के गेंदबाज तन्मय शर्मा , देवांग स्वामी , आर्यन चौधरी व निवास चौधरी 2- 2 विकेट सीकर पारी 46 / 2 (बारिश के कारण खेल रोके जाने तक) एम स्कवायरग्राउंड श्रीगंगानगर - बीकानेर (श्रीगंगानगर जीती) शिवम् सोखल के 6 विकेट श्रीगंगानगर पारी 282 / 6

टीम के लिए जशनदीप 81 , करण 63 , ओसनिक ग्रोवर 46 व आदित्य भाम्भू 41 रन

बीकानेर के गेंदबाज शौर्य व पवन 2 - 2 विकेट

बीकानेर पारी 74 आल आउट

श्रीगंगानगर के गेंदबाज शिवम् सोखल 15 / 6 , शब्द कुलरिआ16 / 2 विकेट टेलर ग्राउंड कोटा -झालावाड़ मैच (बारिश के कारण मैच स्थगित) आराध्य अग्रवाल का शतक

कोटा पारी 284 / 7 टीम के लिए आराध्य अग्रवाल 117 , शौर्य सिंह 57 रन झालावाड़ के गेंदबाज रोहन सिंह 47 / 3 , सुमित 44 / 2 विकेट

झालावाड़ पारी 75 / 4 (बारिश के कारण खेल रोके जाने तक) अनंतम ग्राउंड हनुमानगढ़ - नागौर मैच (हनुमानगढ़ जीती) डीएलएस मेथड से 23 . 1 ओवर में लक्ष्य 125 रन)

हनुमानगढ़ पारी 290 / 9

टीम के लिए ओजस भादू 93 , राहुल 42 रन

नागौर के गेंदबाज सचिन चौधरी 34 / 3 , नवीन 28 / 2

नागौर पारी 102 / 3 (बारिश के कारणखेल रोके जाने तक)

टीम के लिए आदित्य दाधीच नाबाद 42 रन

जीआर ग्राउंड झुंझनु- प्रतापगढ़ मैच (झुंझनू जीती)

झुंझनू पारी 263 आल आउट

टीम के लिए ऋषभदेव 74 , शिवांशु 60 व बिजेंद्र 50 रन

प्रतापगढ़ के गेंदबाज मानव तापड़िया 28 / 5 विकेट

प्रतापगढ़ पारी 112 आल आउट

टीम के लिए प्रदीप 31 रन

झुंझनूके गेंदबाज शिवांशुसोनी 8 / 5 , मयंक पियूष2 - 2 विकेट नारायणा ग्राउंड टोंक - बूंदी मैच (टोंक जीता) मूसा खान दोहरे शतक से चुके टोंक पारी 356 आल आउट टीम के लिए मूसा खान 197 , आदित्य वाधवा 73 व धनंजय शर्मा 20 रन बूंदी के गेंदबाज अमृतपाल60 / 4 , अजयदीप, जसकिरणदीप2 - 2 विकेट बूंदी पारी 185 आल आउट टीम के लिए उत्कर्ष 45 व देवेश 30 रन टोंक के गेंदबाज मोमिनखखान 19 / 4 व अज़ीन हसन 36 / 3 विकेट रणवीर ग्राउंड बाड़मेर - राजसमंद मैच (बाड़मेर जीती) वीजेडी मेथड से टारगेट 34 ओवर में 203 रन) प्रभाव शतक से चुके , सुमित सावली , योजित चौधरी के 5 विकेट) बाडमेर पारी 249 आल आउट

टीम के लिए प्रभाव् भेरवानी 95 , कृष्ण कुमार 56 व जगदीश 39 रन राजसमंद के गेंदबाज सुमित सावली 35 / 5 विकेट राजसमंद पारी 98 आल आउट बाड़मेर के गेंदबाज योजित चौधरी 25 / 5 व जगदीश , सुमित 2 - 2 विकेट।

भारत हॉकी वर्ल्डकप के सेमीफाइनल की रेस से बाहर : अर्जेंटीना ने 5-3 से हराया; सुखजीत ने 2 गोल दागे

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष टीम हॉकी वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई है। उसे एम्सटेलवीन के वेगनर स्टेडियम में सोमवार को अर्जेंटीना ने 5-3 से हराया। भारत को सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए अर्जेंटीना को कम से कम 2 गोल से हराना जरूरी था। लेकिन खराब डिफेंस के कारण अर्जेंटीना ने मैच पर कब्जा कर लिया।

भारत ने 5 मैचों में 16 गोल खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ मजबूत नतीजे की जरूरत वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय डिफेंस की कमजोरियां टीम पर भारी पड़ीं। भारत अब 7वें और 8वें स्थान के लिए होने वाले क्लासिफिकेशन मैच में बेल्जियम से खेलेगा। एक दिन पहले भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में बढ़त बढ़ाई : 33वें मिनट में टॉमस डोमेने ने गोल कर अर्जेंटीना की बढ़त फिर 2 गोल की कर दी। उन्होंने 45वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 कर दिया। 53वें मिनट में लुकास टोस्कानी ने अर्जेंटीना का पांचवां गोल किया। इसके बाद भारत के सामने वापसी के लिए 4 गोल करने की चुनौती थी।

अंतिम मिनटों में भारत ने किए 2 गोल : भारत ने आखिरी मिनटों में वापसी की कोशिश की। सुखजीत सिंह ने 58वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जबकि इसके एक मिनट बाद हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 3-5 कर दिया।

फाइनल हूटर से ठीक पहले हरमनप्रीत सिंह के गेंद पैर पर लगने के बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। हालांकि, हरमनप्रीत का ड्रैग-फ्लिक बचा लिया गया और भारत का वर्ल्ड कप अभियान खत्म हो गया।

1975 के बाद मेडल नहीं जीत सका भारत : भारत ने पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप सिर्फ एक बार जीता है। 1975 में कुआलालंपुर में खेले गए फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। भारत ने वर्ल्ड कप के शुरुआती 3 संस्करणों में लगातार पदक जीते थे। टीम ने 1971 में कांस्य, 1973 में सिल्वर और 1975 में गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद भारत मेडल नहीं जीत सका।

दोनों टीमों का स्क्वॉड : भारत: जरमनप्रीत सिंह, अभिषेक, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, नीलकंठ शर्मा, लालगे आदित्य अर्जुन, शशिकुमार मोहिथ होन्नेनहल्ली, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुखजीत सिंह, यशदीप सिवाच, संजय, सूरज करकेरा (गोलकीपर), राजिंदर सिंह, शिलानंद लाकड़ा।

अर्जेंटीना: मातियास रे (कप्तान) , टॉमस सैंटियागो, फाकुंडो जाराटे, निकोलस कीनन, माइको कासेला, निकोलस डेला टोरे, लुकास टोस्कानी, नेहुएन हर्नांडो, टॉमस रुइज, जोआक्विन टोस्कानी, मातियास आंद्रेओटी, टॉमस डोमेने, लुकास मार्टिनेज, निकोलस सिसिलियो, तादेओ मारकुची, इग्नासियो इबारा, थॉमस हबीफ, बाउतिस्ता कापुरो, मार्टिन फेरेइरो, लुसियो मेंडेज।

जुरेल ने जय जवान-जय किसान का टैटू दिखाया

पंत का 95 मीटर का सिक्स, सोलर पैनल से टकराया; धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ा

कोलंबो। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन 503/9 में पारी घोषित कर दी। टीम की तरफ से ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। हालांकि 99 रन पर पहुंचने के बाद एक रन बनाने में उन्हें 13 गेंदें लग गईं। शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने हेलमेट उतारकर अपनी बाईं बाजू पर बना 'जय जवान-जय किसान' का टैटू दिखाया।

इससे पहले ऋषभ पंत ने चोट के बाद दोबारा बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए। उनकी पारी का सबसे खास पल 95 मीटर का छक्का रहा, जो स्टेडियम की छत पर लगे सोलर पैनल से जा टकराया। पंत विदेश में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर भी बने। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ा।

नाइट क्लब घटना के बाद ब्रायडन कार्स टीम से बाहर : पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को डर्बी के नाइट क्लब में हुई घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। यह घटना शनिवार रात मिडिल इंग्लैंड के डर्बी में हुई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कार्स को हथकड़ी लगाए चार पुलिस अधिकारियों के साथ जाते हुए देखा गया। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि क्रिकेट रेगुलेटर इस घटना की जांच करेगा। बोर्ड ने बयान में कहा- 'शिकायत के बाद क्रिकेट रेगुलेटर ने पुष्टि की है कि वे शनिवार रात डर्बी में हुई घटनाओं की जांच करेगा। जांच जारी रहने और पूरी जानकारी मिलने तक कार्स दूसरे टेस्ट मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।' वीडियो में कार्स को हथकड़ी में पुलिस वालों के साथ दिख रहे हैं। वे अपनी डरहम टीम के साथी मैथ्यू पॉट्स से बात करते दिखे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स भी वीडियो में पीछे की ओर नजर आए। कार्स जनवरी में एशेज सीरीज खत्म होने के बाद से इंग्लैंड के लिए किसी भी फॉर्मेट में नहीं खेले हैं। हाथ की चोट के कारण 2026 की शुरुआत में उनकी तैयारी पर असर पड़ा और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग से भी बाहर रहना पड़ा।

राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर राजस्थान में होंगे राज्य ओलंपिक गेम्स 2026-27

खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा प्रतिस्पर्धात्मक मंच, खेल विकास की व्यापक कार्ययोजना पर वार्षिक आमसभा में मंथन

जयपुर । राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा का आयोजन रविवार को होटल गोल्डन ट्यूलिप, जयपुर में किया गया। बैठक में प्रदेश के खेलों के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने, राज्य खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघों को मजबूत करने तथा आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष अरुण सारस्वत एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष जैन सिंह राजपूत सहित प्रदेश के विभिन्न राज्य खेल संघों, जिला ओलंपिक संघों तथा एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर राज्य ओलंपिक गेम्स 2026-27 का आयोजन बैठक का सबसे महत्वपूर्ण विषय वर्ष 2026-27 में राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर राजस्थान राज्य ओलंपिक गेम्स आयोजित करने की योजना रहा। खिलाड़ियों को केंद्र में रखते हुए इस आयोजन की रूपरेखा और कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन का प्रयास है कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने राज्य में ही बड़े स्तर का प्रतिस्पर्धात्मक मंच मिले। राज्य ओलंपिक गेम्स के माध्यम से विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, बेहतर प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होने का अवसर मिलेगा। एसोसिएशन का मानना है कि राजस्थान में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की बड़ी संख्या है। उन्हें बेहतर प्रतियोगिता, उचित मंच और निरंतर अवसर उपलब्ध कराकर प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। 39वें नेशनल गेम्स की तैयारियों पर भी चर्चा ।

बैठक में वर्ष 2027 में मेघालय में आयोजित होने वाले 39वें नेशनल गेम्स को लेकर राजस्थान की तैयारियों और रणनीति पर भी चर्चा की गई। प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के लिए बेहतर तैयारी कराने, विभिन्न खेल संघों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा राजस्थान के प्रदर्शन को मजबूत बनाने की दिशा में आवश्यक तैयारियों पर विचार किया गया। वार्षिक आमसभा में राज्य खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघों की भूमिका को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। जिला ओलंपिक संघों के संविधान, उनके चुनावों की स्थिति तथा उन्हें राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के संविधान के अनुरूप व्यवस्थित करने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। इसी के साथ जिला ओलंपिक संघों तथा राज्य खेल संघों की मान्यता, संबद्धता एवं असंबद्धता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। एसोसिएशन के संविधान के अनुसार संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने और सभी इकाइयों में बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न राज्य खेल संघों के यानी विकास की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने, प्रतियोगिताओं के आयोजन को मजबूत करने, खेल प्रतिभाओं को आगे लाने तथा प्रदेश में खेलों के आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया गया। आमसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऑडिटेड अकाउंट एवं बैलेंस शीट को लेकर चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑडिटर की नियुक्ति एवं उनके पारिश्रमिक के निर्धारण का विषय भी एजेंडे में शामिल रहा। इसके साथ ही पिछली वार्षिक आमसभा की कार्यवाही के मिनट्स की समीक्षा एवं पुष्टि तथा महासचिव की रिपोर्ट भी बैठक में प्रस्तुत की गई।

राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन से जुड़े विभिन्न लंबित कानूनी एवं न्यायालयीन मामलों की वर्तमान स्थिति पर भी बैठक में जानकारी एवं चर्चा की गई। संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों को लेकर आवश्यक दिशा में आगे कार्य करने पर विचार किया गया। वार्षिक आमसभा के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न राज्य खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघों के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रदेश में खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों के लिए लगातार कार्य करने वाले पदाधिकारियों के योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सभी ने प्रदेश में खेलों को नई दिशा देने और खिलाड़ियों के हित में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत और महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि एसोसिएशन का प्राथमिक उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और मजबूत मंच उपलब्ध कराना है।

राज्य ओलंपिक गेम्स 2026-27 इसी उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जैसा वातावरण उपलब्ध कराने की। एसोसिएशन राज्य के सभी खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघों के साथ मिलकर इस दिशा में निरंतर प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान राज्य ओलंपिक एसोसिएशन प्रदेश में खेलों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में प्रतियोगिताओं की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने तथा राजस्थान को देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।